**खबर संक्षेप**

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना में 26 मई को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 04 मई की रात्रि में जब वह अपने मायके में अकेली घर के बाहर सो रही थी, तब उसी गांव के लल्लू यादव ने बुरी नीयत से उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। फरियादिया ने विरोध कर पड़ोसियों को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। घटना की जानकारी फरियादिया ने अपने पति को दी और 26 मई को वह अपने पति के साथ थाना सिंहपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सिंहपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी लल्लू यादव पिता परशू यादव उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम कठौतिया, कचरापानी थाना सिंहपुर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में गोपाल दास नामदेव सेवा निवृत्ति सहायक ग्रेड-3 जिला पंचायत कार्यालय शहडोल ने सेवा निवृत्त पश्चात क्लेम राशि का भुगतान कराने बावत, रामटहल मिश्रा निवासी ग्राम जमुनी जनपद पंचायत ब्यौहारी ने हिरवार जलाशय की नहर को चालू कराने एवं टूटी नहर को सही करवाने बावत, जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत बनचाचर निवासी अच्छेलाल यादव ने बीपीएल राशन कार्ड से एएवाई कार्ड बनवाने हेतु, रेशमी बैगा पिता लाला बैगा निवासी ग्राम पंचायत पिपरिया जनपद पंचायत सोहागपुर ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु, लक्ष्मी नारायण सोनी निवासी घरौला मोहल्ला शहडोल ने बीपीएल कार्ड में बच्चे का नाम जुड़वाने हेतु, मो. सादिर खान प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय भर्री ने सातवां वेतनमान बकाया एरियर्स की राशि एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान कराने हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

## रेंजर की अभद्रता से भडक़ा जनाक्रोश

**शहडोल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का जिम्मेदार शासकीय अमला पार्क की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने व सुचारू बनाने और वन्यजीवों की सुरक्षा तथा सैलानियों की सुविधा की ओर ध्यान देने की बजाय, गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली अख्तियार कर निजी स्वार्थों की पूर्ति में लिप्त होता जा रहा हैं। इस कारण अधिकारी आए दिन वे विवादों से घिरे रहते हैं। इन दिनो एक रेंजर अर्पित मैराल जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। उस पर ग्रामीणों से अभद्रता करने व उन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया जा रहा है। कांग्रेस नेता कुनाल चौधरी ने आरोप लगाए हैं कि बीटीआर के रेंजर 10 हाथियों की मौत को दबा गए, अब ग्रामीणों से अभद्रता कर तलवे चटवाने जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच जमकर नोक-झोक चल रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जिससे जनाक्रोश भडक़ा, रेंजर का रवैया पूर्व से ही तानाशाही पूर्ण रहा है।

### सोहागपुर एरिया के रामपुर प्रोजेक्ट में सरकारी हो चुकी रिश्वत

# दुर्लभ नहीं, सुलभ हैं कोल माईंस में रिश्वत का खेल



**सिर्फ गुण्डागर्दी नहीं, डर दिखाकर भी वसूलते हैं नगदी**

सोहागपुर एरिया के रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट में बीते दिनों गुण्डा टैक्स और अवैध वसूली को लेकर बवाल मचा था, पुलिस ने 5 को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन यहां बाहरी ही नहीं बल्कि माईंस के कर्मचारी भी अवैध वसूली में पूरी तरह लिप्त हैं। ट्रक चालकों से कहीं 30, कहीं 20, कहीं 100, कई किश्तों में माईंस के स्थाई कर्मचारी भी वसूली करते हुए कैमरे में कैद हुए हैं।

**शहडोल।** सोहागपुर कोयला प्रक्षेत्र की रीढ़ माने-जाने वाली 100 साल के मेगा प्रोजेक्ट रामपुर-बटुरा ने एरिया का लगभग लक्ष्य जहां साध लिया है, वहीं यहां नियुक्त कर्मचारियों की भी हर दिन चांदी कट रही है, अन्य माईंसों की तुलना में 24 घंटे चलने वाली रोड सेल और माईंस में कालरी के स्थाई कर्मचारी भी अवैध वसूली करने में पीछे नहीं है, ऐसे ही तथाकथित कर्मचारियों का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में जमकर वॉयरल हो रहा है। मजे की बात तो यह है कि दुर्लभ सिंह नामक तथाकथित युवक का यह वीडियो अब सोहागपुर क्षेत्र में दुर्लभ नहीं, बल्कि हर दिन कार्यस्थल पर लाईव देखा जा सकता है। जबकि बीते दिनों गुण्डा टैक्स के नाम पर बाहर के व्यक्तियों को निशाने पर लिया गया था, हकीकत यह है कि जब कर्मचारी ही अवैध वसूली करेंगे तो, अन्य स्थानीय और बाहरी व्यक्तियों को कैसे रोका जा सकता है।






### कांटा घर का दुर्लभ वीडियो


रोड सेल में कोल यार्ड से कोयला लेकर आने और जाने के रास्ते पर स्थित कांटा घर में 24 घंटे इस तरह की अवैध वसूली देखी जा सकती है, वॉयरल वीडियो में दुर्लभ सिंह नामक व्यक्ति बकायदा रजिस्टर और कम्प्यूटर में इंट्री करते हुए 30-30 रूपये की मांग व रूपये लेते हुए नजर आता है। प्रतिदिन 24 घंटे के दौरान रामपुर से कम से कम 3 सैकड़ा ट्रके निकलती है, इन सभी से 30-30 रूपये किस लिए लिये जाते हैं, यह तो दुर्लभ या माईंस के मैनेजर और उपक्षेत्रीय प्रबंधक ही बता पायेंगे, वीडियो में दुर्लभ रूपये मांगकर फिर से अपने जेब में भरते हुए नजर आते हैं, कांटा घर के बाहर हाथ में कागज व 30 रूपये लेकर चालक व परिचालकों का झुण्ड नजर आता है।

### कदम-कदम पर खैरात का खेल

कांटा घर से लेकर बंबू गेट और लेबलिंग से लेकर रात में पीछे के गेट से भारी वाहनों की इंट्री और तो और वाहन खड़ा करने तक के लिए पार्किंग के नाम पर 30 रूपये की खैरात कहीं अधीनस्थ कर्मचारियों से, तो कहीं भाड़े के गुर्गे लगाकर माईंस के मैनेजर और उपक्षेत्रीय प्रबंधक खैरात बटोर रहे हैं, माईंस के अंदर आये दिन होने वाले विवाद का सबब भी प्रबंधक और उपक्षेत्रीय प्रबंधक हैं। कहीं 20, कहीं 30, कहीं 100 इस तरह कई स्थानों पर सरकारी कर्मचारी खैरात लेते नजर आते हैं। यह सबकुछ इतना खुला हो रहा है, जैसे प्रबंधन ने इसे वैधानिक करार दे दिया हो।







### कैमरे में कैद रिश्वतखोर

काटा घर में 30-30 रूपये खैरात के रूप में ले रहे दुर्लभ की तस्वीरे सोशल मीडिया में वॉयरल हो रही है, इससे दुर्लभ की तो कम, माईंस के मैनेजर, सबएरिया की किरकिरी और बदमानी कहीं ज्यादा हो रही है, जिनके संरक्षण में यह खेल हो रहा है, दुर्लभ सिंह की नियुक्ति कांटा घर में है या उसे सिर्फ वसूली के लिए बैठाया गया है, यह भी जांच का विषय है। इसके साथ ही कांटा घर और अन्य स्थानों पर ली जा रही खैरात एकत्र होकर क्या एरिया तक पहुंचती है या फिर एरिया को अंधेरे में रखकर सबएरिया महोदय खुद ही ऐश कर रहे हैं, यह भी जांच का विषय है।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना में 23 मई को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके पुत्र मनोज सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जमुआ बुढ़ार-शहडोल मार्ग की अज्ञात व्यक्ति द्वारा नुकीले धारदार हथियार से सिर और गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर घटना स्थल परीक्षण किया गया। थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा घटना के संबंध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।विवेचना के दौरान पता चला कि पंकज उर्फ पिन्टू बैगा पिता स्व. जगमोहन बैगा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम जमुआ, डोंगरी टोला थाना सोहागपुर एवं भास्कर बैगा पिता कृष्ण कुमार बैगा निवासी ग्राम जमुआ थाना सोहागपुर 22 मई मृतक मनोज के घर आये थे, जिसके आधार पर आरोपी पंकज उर्फ पिन्टू बैगा को सोहागपुर पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसपर पाया गया कि आरोपियों और मृतक के बीच मजदूरी के पैसे को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी पिन्टू एवं भास्कर द्वारा योजना बनाकर मृतक के घर में उसके अकेले होने पर कैंची एवं रोटी बनाने की चौकी से हमला कर हत्या कारित कर दी एवं घटनास्थल से फरार हो गये। आरोपी पंकज उर्फ पिन्टू के बताये अनुसार पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त कैंची, आरोपी का सर्ट एवं घटना के वक्त पहने हुये पैंट को जलाई हुई राख, घटना में प्रयुक्त रोटी बेलने की चौकी, घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल एवं नगदी 1000 रूपये जप्त किया गया है। जिसके बाद आरोपी पंकज उर्फ पिन्टू बैगा को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय पेश किया गया। घटना में संलिप्त दूसरा आरोपी भास्कर बैगा घटना दिनांक से फरार है, आरोपी की पता-तलाश सोहागपुर पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है।

## खुलेआम चल रहा सट्टाः मंटू-नंदलाल को नहीं वर्दी का भय




**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। ऐसा नहीं की पुलिस को इसकी खबर नहीं है, फिर भी अवैध कारोबार फल-फूल रहा है और जवाबदार आंखें मूंदे बैठे है। पुलिसकर्मियों द्वारा प्रभारी को सट्टा व्यापारियों की भनक तक नहीं लगने दी जा रही है। जानकारों की मानें तो सट्टा व्यापार के लालच में फंसकर कई लोग अपनी किस्मत आजमाते है। बाद में इसमें फंसकर अपना सबकुछ भी गवां बैठते है। पुलिस इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर कभी-कभार कार्रवाई भी खानापूर्ति के लिए करती है, लेकिन अभी तक इस गोरखधंधे पर पूरी तरह अंकुश नही लगा पाई है। जिसके चलते अवैध कारोबार में लिप्त गिरोह के लोगो के हौंसले बुलंद हैं। अमलाई थाना क्षेत्र में मंटू शुद्ध सट्टे का काम करता है, वहीं नंदलाल सट्टे के साथ अवैध शराब का भी कारोबार करता है। खबर है कि खेलने वाले फोन पर अपना नंबर बताते-लिखवाते हैं और नंबर आने पर इन्हीं सट्टा खाईवाल एजेंटों के माध्यम से पैसे का लेन-देन किया जाता है। मंटू और नंदलाल पुलिस का जरा भी भय नहीं है, इस कारण वे अपने काम को खुलेआम संचालित कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण के कारण अवैध कारोबार का संचालन हो रहा है।

## 9 तोला सोना, 1 किलो चांदी सहित नगदी पार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अखेटपुर गांव में सूने कमरे का ताला तोडक़र लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। इस घर में हाल ही में विवाह हुआ था। नई नवेली दुल्हन के कमरे का ताला तोडक़र चोर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर पहुंची ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि घर से लगभग 9 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 5 हजार नगद, करीब 10 लाख का माल चोरी हुआ है। पुलिस ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कृष्ण बहादुर पटेल के पुत्र का विवाह 6 मई को संपन्न हुआ था। पुत्र छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में नौकरी करता है। विवाह के बाद नई बहू घर आई थी और गहने साथ लाई थीं। बहू अपने मायके चली गई थी और बेटा वापस रायगढ़ लौट गया था। इस कारण उनके कमरे में ताला लगा था। कृष्ण बहादुर पटेल ने बताया कि घर के अन्य लोग आंगन में बाहर सो रहे थे, बीती रात्रि अज्ञात चोर घर में घुसे और बहू के कमरे का ताला तोडक़र उसके कीमती गहने चोरी कर ले गए। कृष्ण बहादुर ने बताया कि बहू का कमरा कुछ दूर स्थित है, जिससे रात में घुसे चोरों की आहट नहीं मिली। सुबह जब परिवार जागा तो बेटे-बहू के कमरे में लगा ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा गया तो, सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिससे यह अंदाजा लगाया गया कि घर में चोरी हो गई है। इसके बाद बेटे-बहू और पुलिस को मामले की सूचना दी गई। कृष्ण बहादुर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

## दूल्हे के मौसा की कुंए में गिरने से हुई मौत

**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में कुएं में डूबने से दूल्हे के मौसा की मौत हो गई। घटना के बाद शादी वाले घर में मातम छा गया। यह घटना उस वक्त घटी जब दूल्हे के मौसा शौच के लिए निकले थे, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्यौहारी के सौता गांव से एक बारात पपौंध के खारी छोट गांव आई थी। इस दौरान दूल्हे के मौसा बृजमोहन सिंह गोंड उम्र 55 वर्ष की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बारात दुल्हन के घर के लिए जनमास से रवाना हो रही थी। इस दौरान दूल्हे के मौसा को शौच के लिए जनमास के पीछे की ओर निकले और एक पुराने कुएं में गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी तब लगी जब बारात दुल्हन के घर पहुंची और रस्मों के लिए मौसा को बुलाया गया, लेकिन वह नहीं मिले। काफी देर तक खोजबीन के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो लोग उनकी तलाश में जनमास लौटे। काफी देर तलाशने के बाद जनमास के पीछे स्थित कुएं में उनका शव नजर आया। पुलिस के अनुसार, कुएं में केवल 3 फीट पानी था, लेकिन वह काफी गहरा था। गिरते ही उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में शोक का माहौल बन गया। किसी तरह विवाह की रस्में पूरी की गईं और सुबह दुल्हन को विदा किया गया। वहीं रात में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### इनका कहना है

कुएं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है, जो बारात में आए थे। परिजनों के मुताबिक वह दूल्हे के मौसा थे। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**बृजेंद्र मिश्रा**
**थाना प्रभारी, पपौंध**

## सेंध लगाकर घर में की लाखों की चोरी



**शहडोल।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के कोयलारी में घर के अंदर लोग मौजूद थे और बेटा बहू के कमरे से लाखों रुपए की चोरी हो गई। सुबह जब परिवार जागा तो, दरवाजा बाहर से बंद था, इसके बाद आस-पड़ोस के लोगों की मदद से घर के अंदर मौजूद लोगों ने दरवाजा खुलवाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है।

पुलिस ने बताया कि कोतवाली के कोयलारी में यह चोरी की वारदात हुई है, जिसमें 6 लाख से अधिक की चोरी हुई है। पुलिस के अनुसार अबरार खान खैरहा के रहने वाले है और वह कालरी के रिटायर कर्मचारी है, कुछ साल पहले ही उन्होंने कोयलारी में एक घर बनवाया है ,जिसमें वह परिवार के साथ रहते हैं। खैरहा दरगाह में तीन दिवसीय उर्स का आयोजन था, जिसमे वह सुबह अपने परिवार के साथ गए हुए थे और सोमवार की शाम अबरार अपनी पत्नी के साथ कोयलारी अपने घर वापस लौट आए, लेकिन बेटा बहू उर्स में रुक गए, पीड़ित के अनुसार बेटा बहू के कमरे में ताला लगा हुआ था और अबरार अपने परिवार के साथ अपने कमरे में सो गए। मंगलवार की सुबह जब वह उठे तो उनका दरवाजा बाहर से बंद था ,तब उन्होंने पड़ोसियों को फोन कर दरवाजा खोलने के लिए कहा, जब पड़ोसी पहुंचे तो बेटा बहू के कमरे की दीवार में बाहर छेद दिखाई दिया, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए और दरवाजा खोलकर अबरार को घटना की जानकारी दी गई। जिसे देख अबरार ने बेटे-बहु के दरवाजे में लगे ताले को खोल और अंदर जाकर देखा तो अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखें कीमती जेवरात चोरी हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार यह चोरी लगभग 6 लाख की है, जिसमें 15 हजार नगद शामिल है। पीड़ित ने बताया कि वह अपने कमरे में कूलर लगा कर सो रहे थे, घर में सेंध मार कर चोर अंदर घुसे होंगे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया होगा, बेटे बहु उर्स में थे, जिसकी वजह से उनके कमरे का ताला लगा हुआ था और पीछे की दीवाल में सेंध लगाकर घुसे चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह कोतवाली पुलिस को दी गई, जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### सडक़ हादसे में दो युवक की मौत

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-43 स्थित टोल प्लाजा के पास सोमवार रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। मृतकों की पहचान प्यारेलाल बैगा पिता रामपति बैगा उम्र 34 वर्ष निवासी ओदरी पाली और बिसाहू बैगा पिता मैखू बैगा निवासी मढ़ा पाली ग्राम अमड़ी के रूप में हुई है। दोनों बाइक क्रमांक एमपी 65 एम 3523 से जा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सडक़ पर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को बुलाया। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल बिसाहू को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई, वहीं प्यारेलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी।घटना की जानकारी मिलते ही नौरोजाबाद थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से कार के कुछ टूटे हुए हिस्से बरामद किए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कार की रफ्तार अत्यधिक तेज थी। हादसे के बाद चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया।पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से वाहन और चालक की पहचान की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

### गश्ती के दौरान मिला वन्य जीव भालू का शव

**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ने बताया कि वन परिक्षेत्र धमोखर बफर के बीट-बरतराई के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 143, एवं बीट-मरदरी के कक्ष क्रमांक-आर.एफ. 107 के सीमा लाईन पर वन गश्ती के दौरान स्थान वॉचटावर हार के पास सी.पी.टी. के समीप एक वन्यजीव भालू (लिंग अज्ञात) के शव प्राप्त होने की घटना प्रकाश में आई है। जिस पर एनटीसीए न्यू दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष पशु चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही किये जाने के उपरांत एनटीसीए के गाईड लाईन के अनुसार एसओपी का पालन करते हुये मृत भालू के शव का दाह संस्कार किया गया।

## सडक़ दुर्घटना में हुई युवक की मौत

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के खाम्हीडोल में सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है, युवक बाजार से घर वापस लौट रहा था, तभी अनियंत्रित होकर बाइक सडक़ पर गिर गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई, घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई,जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि रमेश पाव उम्र 24 वर्ष जैतपुर थाना क्षेत्र के कुडेली गांव का निवासी था और वह घर से बाजार निकला था, वापस लौटते समय खाम्हीडोल के पास सडक़ हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गई, जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट पहुंची और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई थी, मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है...

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिया अस्पताल लाया गया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया है।

**जियाउल हक**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

**PUBLIC NOTICE**

I, Yakub Ansari, S/o Ali Hasan, R/o Ward No. 06, Railway Colony, Dhanpuri, Dist. Shahdol (M.P.), state that my daughter Muskan Nisha, Class 10th Pass out (2024) from M.G.M. School Dhanpuri, has my name wrongly mentioned as Md Yakoob Ansari in school records.

The correct name is Yakub Ansari, as per her birth certificate. Requesting correction. I take full responsibility in case of any dispute.

**Yakub Ansari**

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये आम जनों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों की आवेदनों को प्रेषित किया । जनसुनवाई में श्यामलाल यादव ग्राम डोगरगवां ने आम रास्ता खुलवाने, मिट्ठु कुम्हांर चंदिया ने जमीन का सीमांकन कराने, सकुन बाई , उमाप्रसाद , शंकर ने पुस्तैनी पट्टे आराजी जमीन में पंचायत व्दारा तालाब निर्माण कराने, पचईराम प्रजापति विकटगंज ने नाली निर्माण कराने, देववती बैगा निवासी दुब्बार ने पीएम आवास को जियो टैग कराने, बसंत साहू ग्राम दुलहरा ने प्रधानमंत्री आवास हेतु भूमि दिलाने, रेखा बेवा कैलाश प्रसाद शारदा कालोनी उमरिया ने जमीन में जबरन किए जाने, प्रशांत कुमार डे एसईसीएल जोहिला क्षेत्र पिनौरा ने लाइबिलिटी 2014-15 तक की राशि का भुगतान कराने, रैमुन बैगा ग्राम सेमरिया ने सहायता राशि दिलाने, रमई कोल ग्राम सलैया ने खसरे में नाम दर्ज किए जाने संबंधी आवेदन किया ।

### युवाओं ने जल संरक्षण के साथ पौधारोपण पर दिया जोर



**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत युवा टीम उमरिया के द्वारा जल संरक्षण के चित्र बनाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक को प्रेरित कर रहे। उन्होंने युवा टीम की सराहना करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में आम जन के साथ ही युवा टीम भी अपनी अहम भूमिका निभा रही है।युवा ही भविष्य की गतिविधियों को नियंत्रित कर सकते हैं। आज पानी की समस्या भविष्य में होने वाली सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इसे इन छोटे प्रयासों के द्वारा ही संरक्षित किया जा सकता है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को वह सब दें जो हमको मिला है। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि बिना जल के जीवन संभव नहीं हैं। मानव जीवन में ऑक्सीजन की तरह ही पानी भी अत्यंत आवश्यक है। अब जल की उपयोगिता को समझना होगा।जल संरक्षण के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण पानी की बर्बादी को रोकना है। जल नहीं होगा तो आने वाला कल भी अच्छा नहीं होगा। आने वाली पीढ़ी के लिए अभी से जल संरक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए भारी मात्रा में पौधरोपण जरूरी है। चित्रकला में सहभागिता निभाने वाले पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन,शिखा बर्मन, संजीवनी पटेल, वैष्णवी बर्मन, अतिव्य रजक, शुभम पटेल, माही पटेल, सत्यम सेन आदि उपस्थित रहे।

#### सचिव-सरपंच सहित वेण्डर की तिकड़ी का खुलेआम भ्रष्टाचार


# फर्जी फर्म के सहारे आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का विकास

### बगैर खरीदी पंचायतों में हो रही लाखों की सप्लाई

**शहडोल।** भ्रष्टाचार को हम एक पंक्ति में परिभाषित नहीं कर सकते, किसी भी समाज में जब व्यवस्थाओं पर नियंत्रण करने वाले अनियंत्रित हो जाते हैं तो इसकी परिणति भ्रष्टाचार के रूप में होती है, जैसा कि हम देख रहे हैं। असल में हमारी बुनियाद ही खोखली है। पंचायतों में भ्रष्टाचार का रेला बह रहा है, लेकिन जिनके हाथों में इन्हें रोकने की जिम्मेदारी है, ऐसा लगता है उन्हें पंचायत के विकास से कोई सरोकार नहीं है। भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक डूबी जिले की की जयसिंहनगर जनपद की पंचायतों के लिए लाखों रुपए डकार जाना आम बात है। भले ही दर्जनों शिकायतें होती हों, लेकिन सचिवों के लिए अफसरों की रहमत कभी कम नहीं होती। निर्माण की पुष्टि, गुणवत्ता की जांच, मौका मुआयना तो शायद अफसरों की ड्यूटी से ही निकाल दिया गया है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार का रेला बह रहा है, हर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, लेकिन उक्त निर्माण कार्य की जांच और कार्यवाही किसी के बस में नहीं है, सचिव खुद को स्वयं भू मानकर धड़ल्ले से मनमाफिक शासन के खजाने में सेंध लगा रहे है, इस पूरे खेल को वह वेण्डरों के साथ मिलकर खेल रहे हैं, लेकिन सचिव पर कार्यवाही न होना आश्चर्य की बात है।

### यह है मामला

जयसिंहनगर जनपद की आधा दर्जन के आस-पास पंचायतों में रमाकांत पाण्डेय की श्री कृष्णा सप्लाई एण्ड सप्लायर ग्राम पोड़ी नामक फर्म के बिल लग रहे हैं। उक्त फर्म को पतेरिया टोला, चरहेट, महुआ टोला, बनसुकली, कुंदाटोला सहित अन्य ग्राम पंचायतों से निर्माण सामग्री सप्लाई के एवज में लाखों के भुगतान लगातार हो रहे हैं, रमाकांत पाण्डेय नामक व्यक्ति द्वारा वाणिज्य कर विभाग से फर्म के नाम पर जीएसटी नंबर तो ले लिया है, लेकिन उक्त फर्म धरातल पर मौजूद नहीं है।




### भौतिक सत्यापन नहीं

ग्राम पंचायतों द्वारा ऐसी फर्मो की आखिर खोज कैसे की जाती है, जो धरातल पर मौजूद नहीं है, जबकि जो फर्म धरातल पर मौजूद हैं, उनके द्वारा वह सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जो पंचायत के द्वारा मांग की जाती है, बकायदा उनके पास खरीदी-बिक्री के दस्तावेज भी रहते हैं, लेकिन श्री कृष्णा सप्लाई एण्ड सप्लायर जैसी फर्मो के पास खरीदी-बिक्री के दस्तावेज तक नहीं है, कुल मिलाकर न दुकान, न मकान, फिर भी पंचायतों से लाखों का भुगतान हो रहा है, अगर इस फर्म का भौतिक सत्यापन हो जाये तो, वेण्डर की कलई खुलकर सामने आ जायेगी।

### कमीशन में लग रहे बिल

ग्राम पंचायतों में ऑफ रिकार्ड ठेकेदारी प्रथा हावी है, यह किसी से छुपा नहीं है, जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायतों में यह सबसे अधिक देखने को मिलता है, जिन-जिन ग्राम पंचायतों में श्री कृष्णा सप्लाई एण्ड सप्लायर के बिल लगाये गये हैं और जो खनिज की सामग्री खरीदी की गई है, अगर उसकी रॉयल्टी फर्म संचालक एवं पंचायत से मांग ली जाये तो, यह नहीं दे पायेंगे, हालाकि अधिकारियों को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह इतना कुछ करें, चर्चा है कि फर्म संचालक द्वारा पंचायतों को कमीशन पर बिल देते हैं, जिससे यह जुगलबंदी खूब फल-फूल रही है।

### जांच की मांग

ग्रामीणों ने धांधलियों की सदैव शिकायत की, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। अगर पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो, अधिकांश कार्य गुणवत्ताविहीन ही पाए जाएंगे, लेकिन न तो उपयंत्रियों को इससे कोई मतलब है। केवल बजट का दुरुपयोग किए जाने और अपनी तिजोरी भरने के लिए श्री कृष्णा सप्लाई एण्ड सप्लायर नामक फर्म का उपयोग किया जा रहा है, जागरूक लोगों ने नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से इस मामले की जांच करने की मांग की है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना अंतर्गत ग्राम निपनिया में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। बीती रात लगभग 8:30 बजे इस घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दो संदिग्धों को पकडक़र पुलिस को सूचना दी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम निपनिया के निवासी संजय कोल और नोखेलाल कोल ने इस निंदनीय कृत्य को अंजाम दिया। प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के बाद ग्रामवासियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया। थाना



प्रभारी एमएल रंहगडाले ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।ग्राम निपनिया के निवासी और समाजसेवी रामनिवास ने घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा हमारे लिए महाराणा प्रताप की प्रतिमा का विशेष महत्व है। यह हमारी संस्कृति और इतिहास का प्रतीक है। इस प्रकार की घटनाएं समाज में अस्थिरता और बर्बरता को दर्शाती हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। हालांकि, घटना के पीछे का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह एक सोची-समझी साजिश हो सकती है, जिसे किसी विशेष उद्देश्य के तहत अंजाम दिया गया है। पुलिस आरोपियों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# लोकमाता देवी अहिल्या बाई की मनाई 300वीं जयंती

**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय आर. वी. पी. एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उमरिया में लोक माता देवी अहिल्या बाई के जीवन और दर्शन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान शिवांश सिंह सेंगर ने कहा कि देवी अहिल्या बाई केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। वे अपने स्वाभिमान और स्वावलंबन को सर्वोच्च मानकर न केवल अपने राज्य, बल्कि संपूर्ण भारत की सेवा के लिए समर्पित रहीं।ओम तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा किजो व्यक्ति हमें प्रभावित करता है, वह हमारा आदर्श बनता है, और लोक माता अहिल्या बाई भारत की प्रत्येक महिला के लिए आदर्श तथा पुरुषों के लिए पूज्य माता के समान हैं।अवंतिका सिंह ने गर्व से कहा, मैं एक स्वतंत्र और सशक्त भारत की बेटी हूं, और देवी अहिल्या बाई के पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करती रहूंगी। मैं देश के हर नागरिक को जागरूक और सशक्त बनाने का संकल्प लेती हूं।ष्याशिक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत हमेशा महान व्यक्तित्वों की धरती रहा है, क्योंकि यहाँ जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस मिट्टी के प्रति समर्पित भाव रखता है।लोक माता अहिल्या बाई इस महान व्यक्तित्वों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।प्रतियोगिता के अंत में श्री ऋषिराज पुरवार ने कहा कि किसी भी समाज को अपने इतिहास और वर्तमान का संतुलन बनाए रखना चाहिए, ताकि भविष्य उज्ज्वल बन सके। हमें देवी अहिल्या बाई से सीखना चाहिए कि समाज में सकारात्मक योगदान कैसे दिया जा सकता है।डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किअपने उद्देश्यों और कर्तव्यों का पालन करना और राष्ट्र की सेवा करना उतना ही आवश्यक है, जितना अपने परिवार की देखभाल करना। देवी अहिल्या बाई का जीवन इसी भावना का प्रतीक है। संस्थान प्रमुख, प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, ष्विद्यार्थियों को समझना होगा कि उनकी भूमिका केवल भविष्य के निर्माण में नहीं, बल्कि सतत बहते वर्तमान में भी है। लोक माता ने अपने समय की चुनौतियों के आगे कभी हार नहीं मानी, और आज देश को भी



अपनी युवा पीढ़ी से यही उम्मीद हैकृकि राष्ट्र उन्हें गर्व से देखे, निराशा से नहीं। आयोजन ने विद्यार्थियों को न केवल देवी अहिल्या बाई होल्कर के महान व्यक्तित्व से परिचित कराया, बल्कि उनके विचारों और कार्यों से प्रेरित होकर राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझने का अवसर भी दिया।इस प्रकार, लोक माता देवी अहिल्या बाई के जीवन और दर्शन विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता ने छात्र-छात्राओं को एक सशक्त संदेश दिया कि वे अपने जीवन को केवल सफलता की राह पर ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान की दिशा में भी समर्पित करें।

# सरकार समाज और शासन के बीच की कड़ी है जन अभियान परिषद



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सरकार समाज और शासन के बीच की कड़ी है जन अभियान परिषद मैं आपके गांव आया हूं गांव की संस्कृति से हम सब रसे बसे है सरकार की नई योजनाएं चल रही है उनकी जानकारी को लेकर हमारे कार्यकर्ता आपके पास जाते हैं और योजनाओं के बारे में बताते हैं जिससे आपको लाभ होता है कई जयंतीयों का आयोजन भी किया जाता है। ग्राम स्तर पर हमारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं यहाँ पर महिलाओ की उपस्थिति ज्यादा है और आज बट सावित्री व्रत भी है। व्रत रखकर बट वृक्ष की पूजा की एक मान्यता है कि इसके पूजा से पतियों की दीर्घायु होतीहै इसके पीछे वैज्ञानिक तर्क भी हैं। उक्त उदगार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर ने एक दिवसीय प्रवास पर कोतमा आगमन में व्यक्ति की विकासखंड मुख्यालय में नमांकुर संस्थाएं एवं परामर्शदाताओं के कार्य की समीक्षा कर सेक्टर क्रमांक 4 के बैहाटोला में संचालित जन सूचना केंद्र विवेकानंद वाचनालय नर्सरी का अवलोकन किया तथा संचालित कार्यक्रम की सराहना की नवांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति के ओंकार सिंह ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद नजीर खान मेंटर्स ने किया तथा आभार विकासखंड समन्वयक कोतमा सरीमन साकेत ने किया कार्यक्रम में पूर्व सरपंच होम लाल सिंह महेंद्र यादव अध्यक्ष कान्हा जन कल्याण समिति नगारा बांध ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहा टोला की अध्यक्ष श्रीमती निर्मल सिंह सचिव प्रदीप सिंह राजकुमार कलावती राजकुमारी ममता भाई तथा एमसीएमसीडीपी की छात्रा प्रभा महरा शांति केवट हीरेंद्र तिवारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# 2 अलग फड़ों से रामनगर पुलिस ने 8 जुआरियों को पकडा

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** रामनगर पुलिस द्वारा 25 मई को समय लगभग 04.35 बजे शाम में स्टेडियम तिराहा से बीसीएम रोड किनारे जुआ खेलते हुए राजू यादव, उम्र 24 वर्ष, पुत्र तेजराम, संतोष कुमार जयसवाल, उम्र 38 वर्ष, पुत्र गोपाल, रामनारायण सिंह, उम्र 58 वर्ष, पुत्र श्यामलाल, कृष्ण देव सिंह, उम्र 51 वर्ष, पुत्र श्री शरण, उमेश कुमार, उम्र 46 वर्ष, पुत्र बृजनंदन कुल 5 अभियुक्तों को जुआ खेलते पकड़ा गया। मौके से ताश की गड्डी के साथ-साथ 30,000/- रू. नकद बरामद किए गए। उक्त पाँचों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रामनगर पर अपराध क्र 133/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरे मामले में 26 मई को थाना रामनगर पुलिस द्वारा सटीक सूचना के आधार पर ग्राम सेमरा क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुए के अड्डे पर छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान आम के पेड़ के नीचे जुआ खेलते हुए 03 आरोपियों नरेन्द्र पिता रामचन्द्र त्रिवेदी (उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02, सूर्यकान्त मिश्रा पिता छोटेलाल मिश्रा (उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 05 तथा रघुनाथ सिंह गोंड पिता मैकू सिंह (उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03) मौके से ताश की गड्डी के साथ-साथ 1100 रु नगद बरामद किए गए। उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रामनगर पर अपराध क्र 134/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया।

# कोल इंडिया ने की कोल कर्मियों के लिए ड्रेस कोड की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड की घोषणा की है। इसके तहत कर्मचारियों को साल में तीन पैंट-शर्ट मिलेंगे साथ ही 187.50 रुपये प्रति माह धुलाई भत्ता का भुगतान किया जायेगा।

कंपनी के नर्सिंग स्टाफ के लिए धुलाई भत्ता 218.75 रुपये प्रति माह होगा। कोल इंडिया बोर्ड की आगामी बैठक पर इस पर मुहर लगेगी. कोल कर्मियों के लिए ड्रेस कोड के तहत कुल वित्तीय खर्च लगभग 275 करोड़ रुपये आयेगा। यह खर्च मई 2025 के मैन पावर 2,19,951 के आधार पर अनुमानित किया गया है।

### बोर्ड की मंजूरी जल्द

ड्रेस कोड के प्रस्ताव को कोल इंडिया के बोर्ड में प्रस्तुत किया जायेगा। सूचना के मुताबिक बोर्ड की आगामी बैठक में इस पर मुहर लगेगी. कोल इंडिया के जीएम (एचआर) गौतम बनर्जी ने दस्तावेज तैयार कर बोर्ड को भेज भी दिया है। बता दें कि ड्रेस कोड के लिए गठित कमेटी में विवाद के बाद अंतिम फैसला एपेक्स जेसीसी में लिया गया था। अब इसे मंजूरी के लिए कोल इंडिया के बोर्ड में प्रस्तुत किया जायेगा। इस फैसले को सभी श्रमिक संघो ने स्वागत किया है। कर्मचारियों में भी खुशी है, कोल श्रमवीरों ने कहा कि अब हम भी ड्रेस कोड में अपने काम पर जाएंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर: निकाली गई तिरंगा यात्रा



### नारों की गूंज ने शहर की गलियों को राष्ट्रभक्ति से किया सराबोर

**शहडोल।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने दुश्मन देश पाकिस्तान से ले लिया है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी कैंप को ध्वस्त कर दिया। साथ ही भारत ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को भी तबाह कर दिया है। भारतीय सेना के इस शौर्य पराक्रम को लेकर देशभर में तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर संभागीय मुख्यालय में बड़ी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। ये तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और हिंदुस्तान के वीर सपूत सैनिकों के सम्मान में निकाली गई। इस दौरान सभी लोगों ने अपने-अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम्, भारत माता की जय के नारे लगाए। नारों की गूंज ने शहर की गलियों को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल एक विजय का उत्सव बल्कि देश के वीर सपूतों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की प्रतीक भी बनी। तिरंगा यात्रा का रेलवे फाटक पुरानी बस्ती से होते हुए पुराना गांधी चौक ,जैन मंदिर, नटराज मार्केट होते हुए गांधी चौक से सब्जी मंडी रोड से होते हुए दुर्गा मंदिर में समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष डोली शर्मा, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जायसवाल, महामंत्री नागेंद्र गोले ,अनमोल सोनी, मंत्री अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, सीमा सराफ, राकेश कनौजिया,आयुष पाण्डेय, चन्द्रकान्त दुबे, कोषाध्यक्ष अमन खरया, सह-कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, कार्यालय मंत्री अंकित सराफ, सह-कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, सह-सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अमित दुबे, सह-मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, आई.टी. सेल प्रभारी लवकेश तिवारी एवं युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में हुआ एनसीसी 'द अनटोल्ड स्टोरी' का पुस्तक विमोचन

### कैडेट गौरव-राहुल की रचना को मिली सराहना

**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के एनसीसी डिपार्टमेंट के दो होनहार छात्रों, कैडेट गौरव और राहुल द्वारा लिखित प्रेरणादायक पुस्तक 'एनसीसी-द अनटोल्ड स्टोरी' का भव्य विमोचन समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का माहौल उत्साह और गर्व से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और स्वागत भाषण परिचय डॉ. गणेश संडया द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। बुक लॉन्चिंग वीडियो ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।पुस्तक के लेखक कैडेट गौरव एवं राहुल ने मंच से 'एनसीसी - द अनटोल्ड स्टोरी' की संकल्पना, लेखन यात्रा और इसमें शामिल अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा यह पुस्तक सिर्फ हमारे अनुभवों की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि हर उस कैडेट की आवाज है जो एनसीसी को जीवन का हिस्सा मानता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, आईपीएस सविता सुहाने डीआईजी ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा एनसीसी केवल परेड या अनुशासन की शिक्षा नहीं, बल्कि नेतृत्व, देशभक्ति और समाजसेवा की भावना का स्रोत है। गौरव और राहुल ने जो कार्य किया है, वह अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणा बनेगा और यह समय विश्वविद्यालय के इतिहास में अंकित हो रहा है, जीने आने वाली परमपराओं में चिन्हित किया जायेगा, इस अवसर पर छात्रों को इस प्रकार का माहौल देने के लिए कुलगुरु और विश्वविद्यालय परिवार की मुक्त कंठ से प्रसंसा करती हूँ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। उन्होंने कहा यह पुस्तक न केवल विश्वविद्यालय की उपलब्धि है, बल्कि यह युवा शक्ति के भीतर छिपे लेखक और संवेदनशील सोच को उजागर करती है। एनसीसी के




अनुभवों को साहित्यिक रूप देना एक प्रशंसनीय पहल है। हमारा सपना है इस विश्व विद्यालय को भारत के विकास के लिए कृत संकल्पित करना और छात्रों की निहित ऊर्जा को जागृत कर उनकी प्रेरणा को विश्वपटल पर स्थापित करना कुलगुरु ने बताया इसी सोच के साथ चैतन्य एआई की स्थापना की गई है, जिसमें कई बच्चो के प्रयास से ऑटो जेनरेटेड एआई के चैट पॉट का कुशल निर्माण किया गया है। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर की तारीफ करते हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रसंसा करते हुए कहा की हमने भारत का गौरव पुरे विश्व में स्थापित किया है। लेफ्टिनेंट कर्नल धीरेन्द्र चौहान ने कहा -सबसे पहले मैं कैडेट गौरव और राहुल को इस ऐतिहासिक प्रयास के लिए बधाई देता हूँ। एनसीसी- द अनटोल्ड स्टोरी सिर्फ एक पुस्तक नहीं है, यह उन अनकहे अनुभवों, भावनाओं और संघर्षों की अभिव्यक्ति है, जो एक कैडेट अपने प्रशिक्षण काल में झेलता है, सीखता है, और निखरता है। एनसीसी का वास्तविक प्रभाव केवल यूनिफॉर्म पहनने या परेड में कदम मिलाने तक सीमित नहीं होता - यह एक जीवनशैली है, जो चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र प्रेम की नींव रखती है।गौरव और राहुल ने जिन भावनाओं को इस पुस्तक में स्थान दिया है, वे हर कैडेट के दिल की आवाज हैं। मैं उम्मीद करता हूँ कि यह पुस्तक न केवल एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित करेगी, बल्कि आम युवाओं को भी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुडने के लिए प्रेरित करेगी। हमेशा याद रखें - आप केवल कैडेट नहीं हैं, आप राष्ट्र की उस भावी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आने वाले भारत का निर्माण करेगी। और ऐसे युवा जब लेखनी भी उठा लेते हैं, तो उनके विचारों की शक्ति और अधिक प्रभावशाली बन जाती है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में कर्नल दिनेश सिंह चौहान, लेफ्टिनेंट कर्नल धीरेन्द्र चौहान, प्रो. प्रमोद पांडेय तथा कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी उपस्थित रहे। कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी कहा, एनसीसी के अनुभवों को कलमबद्ध करना दुर्लभ है, यह पुस्तक देशभर के कैडेट्स के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। प्रो. प्रमोद पांडेय ने गौरव और राहुल की लेखनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी की छवि को साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत करना एक अभिनव प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन कैडिट प्रिया सिंह ने किया, उन्होंने एनसीसी के सामाजिक, नैतिक और राष्ट्रीय सरोकारों को रेखांकित किया और पुस्तक की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

गौरव और राहुल को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित कैडेट लेखक के रूप में विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और सभी अतिथियों द्वारा पुस्तक विमोचित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधनों और उपस्थित छात्रों के उत्साह के साथ हुआ मुख्य रूप से प्रो गीता सराफ ,डॉ.मनीषा तिवारी ,डॉ.चेतना सिंह ,डॉ.पूर्णिमा शर्मा ,डॉ अनिल कुमार गुप्ता ,डॉ.बृजेन्द्र पांडेय ,डॉ.शरद वर्वे ,डॉ.बालेन्द्र गर्ग ,निशु सोनी ,डॉ.दिलीप तिवारी आदि। यह आयोजन युवा लेखन, राष्ट्रभक्ति और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।

**खबर संक्षेप**



### श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया मोक्ष कल्याणक दिवस

**कटनी।** आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के प.प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनिश्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनिसंघ के परम सानिध्य में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग.जैन बड़े मंदिर में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का परम सौभाग्य पंडित शैलेन्द्र जैन(शैलू शास्त्री) सुनील जैन छिंदवाड़ा, विजय कुमार वैभव कुमार मोहन्द्रा, देवचंद सुनील कुमार सुधीर कुमार प्रेमचंद श्रवण कुमार,अरविन्द्र जैन को प्राप्त हुआ एवं लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कोमलचंद जैन नगर निगम, प्रेमचंद श्रवण कुमार प्रतीक कुमार, हितार्थ जैन प्रीति जैन,राकेश मोदी, सतीश मोदी,सुमन मोदी विनिता जैन टिकरिया वालों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दि.जैन पंचायत महासभा के तत्वाधान में आयोजित निर्वाण लाडू सजाओं प्रतियोगिता में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि प्रथम स्थान शशि जैन नत्थूलाल, द्वितीय श्रीमति सोनिया संचित जैन, तृतीय पुरूस्कार श्रीमति रूची अंकित जैन को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन पं.विकास जैन द्वारा किया गया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में स्थित शमोशरण मंदिर में प्रथम बार श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का महामस्काभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया इस अवसर पर शांतिधारा एवं लाडू चढ़ान का सौभाग्य रमेश चंद भजनसागर राकेश जैन पप्पू,अंकुर जैन दवाई, राजकुमार जैन, रॉबिन को प्राप्त हुआ तथा लाडू चढ़ाने कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व द्वारा किया गया।

### अचानक लापता हुई बालिका को किया दस्तयाब

**कटनी।** रीठी पुलिस टीम एक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि 12 मई को सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिक बालिका घर से बिना बताये कहीं चली गई थी। बालिका के अचानक लापता होने की सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर खण्ड 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रथम सूचना पत्र पंजीबद्ध कर नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम तैयार की गई। नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी के हर संभव प्रयास कर 26 मई की देर रात्रि सफलता प्राप्त कर नाबालिंग बालिका को दस्तयाब कर सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राखी पाण्डेय, सउनि सुशील प्रजापति, आरक्षक अमन सिंह, आरक्षक ज्ञानेंद्र, आरक्षक शहंशाह, आरक्षक (सायवर) सतेंद्र राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अलग अलग स्थानों से पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने एडीएम लाइन तिराहा में मनोहर हर्जकलानी के पास से एक बोरी में 20 पाव देशी शराब जब्त की है। कुठला पुलिस ने रानू निषाद निवासी चक्कीघाट के पास से 4.5 लीटर शराब, ओव्हर ब्रिज के पास चाका में कल्लू चौधरी निवासी घंघरीखुर्द के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, छैघरा में रेनू कचेर के पास से 8 पाव देशी प्लेन 10 पाव लाल मासाला शराब रंगनाथ नगर पुलिस ने भारत चौक झर्राटिकुरिया में राजेश कुण्डे के पास से 45 पाव देशी लाल मशाला शराब, भारत चौक में अंकुश सोनखरे के पास से 48 पाव देशी लाल मशाला शराब जब्त की है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद पुलिस ने नवलिया पिपरिया में बाबादीन ठाकुर के पास से 30 पाव देशी प्लेन शराब, विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम मझगवां तिराहा में सेमाली कोल के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम मझगवां तिराहा में संदीप कोल के पास से 17 पाव देशी शराब जब्त की है।

ठेकेदार की लापरवाही से नल जल मिशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा

# जगह जगह बह रहा पानी, टूटी है पाइपलाइन, पानी की टंकी में होने लगा रिसाव









### विभाग भी कर रहा अनदेखी, कई घरों में नहीं बिछी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज, बुढार।

नल जल योजना मिशन से गांव गांव तक बिछाईं गई नल पाइपलाइन बनने से पहले ही अपनी गुणवत्ता की पोल खोल रहा है निमार्ण एजेंसी के ठेकेदार के द्वारा खोदी गई सीवर लाइन सड़क जो अब परेशानी का कारण बन रहा है और पी एच ई विभाग इस मामले में उदासीन रवैया अपना रखा है।जिसकी शिकायत सरपंच के द्वारा कलेक्टर से की गई है।

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना एवं कटकोनी नवनिर्मित नल जल योजना में पीसीसी रोड सुधार एवं नाली सुधार एवं सम्पूर्ण घरों में पानी प्रदाय नियमित रूप नहीं हो पा रहा है।

ग्राम पंचायत कटकोना सरपंच राम सजन बैंगा ने कलेक्टर को अपने लिखित शिकायत क्रमांकQ 12/2025 लिखित शिकायत देते हुए अवगत कराया है कि नल जल योजना के ठेकेदार के द्वारा गांव में पाइपलाइन खुदाई के दौरान पीसीसी रोड टीएस 10 लाख की लागत से बनीं एवं आरसीसी नाली की लागत 5 लाख का सुधार कराने की आवश्यकता है,नव निर्माणाधीन पानी की टंकी भी बनने से पहले ही सिपेज हो गई है और प्लास्टर अपूर्ण है, ग्राम कटकोना के हरिजन बस्ती, आदिवासी मुहल्ला, पंडिताइन मुहल्ला ,चंदिलहा मोहल्ला एवं कटकोनी पीने का पानी नियमित रूप से नहीं मिल रहा है और कुछ स्थानों की पाइपलाइन नहीं बिछीं है जिससे ग्रामवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

आने बाले समय में ग्रामवासियों को कठिनाई की संभावना बनी हुई है जिसका सुधार कराने के बाद ही ग्राम पंचायत अपने अधिकार क्षेत्र में लेंगी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में पी एच ई विभाग से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जब तक विभाग कार्य पूर्णता का प्रमाणपत्र जारी नहीं करता तब तक कोई कार्य पूर्णता की श्रेणी में नहीं आता आपकी बात से पूर्णतः सहमत हूँ की कार्य स्थल पर और विभागीय अभिलेखों में भी यही है । गर्मी को देखते हुए कटकोना में अस्थायी रूप स जल प्रदाय कराया जा रहा है और साथ में टेस्टिंग भी चल रही है वर्तमान में 80% घरों में पानी जा रहा है ।

वार्ड न. 1 का सर्वे भी किय गया है इसमें 300 मीटर की दूरी पर चौधरियों की बस्ती है जहां 12 घर है जल जीवन मिशन की गाइड लाइन के अनुसार वहां पाइप लाइन नहीं डाली जा सकती फिर भी मैंने उपसरपंच से बोला है की सभी से जल कर वसूली आदि की स्पष्ट जानकारी दे कर सहमति मिलने पर सक्षम अधिकारी के पास प्रस्ताव भेजेंगे और स्वीकृति मिलने पर वहां भी कार्य करा दिया जायेगा । अजय श्रीवास्तव

**एस डी ओ पीएचई विभाग शहडोल**



# बद्रीनाथ, केदारनाथ चार धाम के यात्रियों के सुखद यात्रा की कामना करते हुवे नर्वद बैगा ने यात्री बस प्रस्थित कराया





हरिभूमि न्यूज, बुढार।

बद्रीनाथ, केदारनाथ चार धाम के यात्रियों के सुखद यात्रा की मंगल कामनां करते हुये ग्राम - विक्रमपुर के धर्मानुरागी नर्वद बैगा ने यात्रियों को पगड़ी पहनाकर तथा पुष्पहार व श्रीफल भेंटकर ग्रामवासियों की उपस्थिति में यात्री बस से प्रस्थित कराया।

स्वयं के कल्याण के लिये ईश्वर की आराधना करना, पूजन करना सनातन धर्म में अच्छा माना गया है, लेकिन दूसरों के कल्याण के लिये तथा दूसरों को ईश्वर से मिलाने के लिये दृढ़ विश्वास करानें के लिये यदि भौतिक संसाधनों का सामर्थ्य का दान किया जाता है, तो यह सबसे बड़े पुण्य का कार्य होता है, ऐसे सत्कर्म करनें वाले व्यक्ति यशस्वी होते हैं, जो दीन दुखियों की भावना को समझने वाले उनकी पीड़ा को दूर करनें वाले धन्य हैं, और ऐसे लोगों का जीवन यशस्वी माना जाता है - ऐसा अनुकरणीय उदाहरण बुढार से लगे ग्राम विक्रमपुर निवासी नर्वद बैगा ने जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करते हुये बीस दिवस की यात्रा में बद्रीनाथ, केदारनाथ चार धाम हेतु रविवार को ग्राम विक्रमपुर से प्रस्थित हुई यात्री बस में ग्राम के चार व्यक्तियों को अपनी ओर से यात्रा हेतु प्रस्थित कराया गया और उनके यात्रा का संपूर्ण व्यय अपनी ओर से वहन किया वहीं यात्रा में प्रस्थित समस्त यात्रियों का पुण्य तीर्थ स्थल केदारनाथ में भंडारा प्रसाद ग्रहण कराया जायेगा।

**ग्राम** - विक्रमपुर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाने वाले नर्वद बैगा पूज्य पिता स्व. श्री भूरी बैगा के आशीर्वाद तथा पूज्य मां श्रीमती हरछठिया बाई की सद्प्रेरणा से ग्राम के जनार्दन उपाध्याय, हर प्रसाद, मुन्ना यादव तथा रमेश चौरसिया को चार धाम की यात्रा हेतु प्रस्थित यात्री बस से यात्रा की सुखद मंगल कामना करते हुए ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति में रवाना कराया और ग्रामवासियों ने भी यात्रियों के मंगलमय यात्रा की कामनां की।

**ग्राम** - विक्रमपुर के सामान्य परिवार के नर्वद बैगा ने पिछले वर्ष ग्राम एवं आस-पास के उन्नीस लोगों को पितृपक्ष में उनके पूर्वजों के पिंडदान हेतु यात्री बस से स्वयं खर्च वहन कर प्रस्थित कराया गया था उनका मानना है कि - तीर्थ यात्रा करना व करवाना तथा असहायों की मदद में हाथ बढ़ाना पुण्य के समान है, इस तरह की प्रेरणा ईश्वर से मिलती है और निःस्वार्थ भाव से आगे हाथ बढ़ा पाता हूं।

# नौतपा की उमस ने बढ़ाई लोगों की बेचैनी बिजली संकट से हालात और बदतर

### नगर में उमस भरी गर्मी और बिजली संकट से जनजीवन अस्त-व्यस्त




हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

नौतपा के इन दिनों में नगर वासियों को भीषण गर्मी और उमस ने बेहाल कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। दिन हो या रात, बिजली किसी भी समय गुल हो जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।सुबह से लेकर शाम तक सूर्य देव और बादलों के बीच लुका-छिपी का खेल चल रहा है। हालांकि शाम को तेज हवाओं से कुछ राहत मिलती है, वहीं कभी-कभी बेमौसम बारिश भी लोगों को कुछ समय के लिए सुकून देती है। लेकिन, बारिश के बाद उमस और बढ़ जाती है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है।बिजली की अनियमित आपूर्ति ने स्थिति और गंभीर बना दी है। गर्मी और उमस के साथ-साथ बिजली का रोना अब आम हो गया है। लोग न दिन में चैन पा रहे हैं, न रात में नींद पूरी हो पा रही है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी प्रभावित हैं। रात में बिजली गुल होते ही पंखों और कूलरों की हवा बंद हो जाती है, जिससे लोगों को कई घंटे तक पसीने में रात बितानी पड़ रही है।बिजली विभाग से संपर्क करने पर भी सही जानकारी नहीं मिल रही है। लोग जब बिजली ऑफिस पहुंचते हैं तो वहां कोई स्पष्ट जवाब देने वाला नहीं होता। लगातार आ-जा रही बिजली ने लोगों के धैर्य की परीक्षा ले ली है। अब शहर में जगह-जगह लोगों में नाराजगी और आक्रोश देखा जा रहा है।प्रशासन से उम्मीदस्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग से जनता को उम्मीद है कि जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पाया जाएगा और बिजली की आपूर्ति को दुरुस्त किया जाएगा।



*संगोष्ठी के साथ जल के संचयन के लिए ली गई शपथ*

# ग्रामीणों को पानी का अपव्यय रोकने एवं जल संरक्षण करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 3, देवगांव और ग्राम पंचायत हरद्वारा में ख़िरवा टोला में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुदरी व ग्राम ख़िरवा समाजसेवियों के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें परामर्शदाताओं ने विचार रखते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "जल गंगा सवंर्धन अभियान" चलाया जा रहा है। जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है।



आगामी जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण की रूपरेखा भी बनाई जा रही है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

इस अभियान अंतर्गत साफ-सफाई भी की जा रही है व क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जा रहे है, जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही नाला गहरीकरण, विस्तारीकरण, चेकडैम निर्माण तथा पुराने सोकपिट में रेट्रोफिटिंग कार्य संचालित है। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है, यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। जिसमे शासन के साथ मिलकर जनसहयोग किया जा रहा है व लोगों को इस अभियान में जुड़कर सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें ख़िरवा के शिव मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक तालाब के घाट की सफाई व तालाब गहरीकरण में श्रमदान किया गया। एवं कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम में स्थित जलस्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

### वटवृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना की



सोमवार को महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा लगाकर विधि पूर्वक पूजा कर अखंड सौभाग्य एवं सुख समृद्धि की कामना की। वट सावित्री का पर्व ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है। सोमवार का दिन कई मायनों में खास रहा क्योंकि वट सावित्री व्रत के साथ सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग बना। महिलाओं ने सुबह बरा बरसात पर्व की तैयारियों में लगी रही। समीपस्थ बरगद के वृक्ष की पूजा करने थालियां सजाकर पहुंची। महिलाओं ने पहले वट वृक्ष को जल अर्पित किया फिर रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया और धूप दीप जलाकर भोग लगाया। परिक्रमा करते हुये बरगद के तने पर कच्चे सूत के धागे को लपेटा और श्रद्धा पूर्वक पूजन किया। तदोपरांत अपने पुत्र व पति के आरोग्य एवं अखण्ड सौभाग्य की कामना की।

# सफाई के साथ कीटनाशक का छिड़काव, गंदगी फैलानें वालों पर जुर्माना कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान ग्रष्म ऋतु में नगर में किसी भी प्रकार की बीमारी अपने पैर न पसार सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा सक्रियता के साथ दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नाले नालियों की सफाई कार्य सहित सुगम आवागमन व्यवस्था हेतु आवारा मवेशियों को पकड़नें के साथ ही फगिंग मशीन से घुआं छोड़े जाने का अभियान भी रोजना जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रात्रि कालीन एवं प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्र, अन्य मार्गो सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेंड आदि का कार्य किया जा रहा है।

*पशु मालिकों से कहा पशुओं को सड़कों पर आवारा नहीं छोड़े*

# सड़कों में घूमने वाले पशुओं को पकड़ कर कांजीहाउस भेजने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर की प्रमुख सड़कों एवं स्थानों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश को विधिवत रूप से कांजी हाउस में पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है।नगर निगम के अमीर गंज स्थित कांजी हाउस में निराश्रित गोवंश के लिए चारा, भूसा, पानी एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि निराश्रित गोवंश एवं कतिपय गोवंश मालिकों द्वारा जानबूझकर सड़क पर विचरण करने के लिए छोड़े गए गोवंश, मवेशियों से सड़क पर आने जाने वाले वाहनों एवं आने जाने वाले लोगों में अक्सर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। नेशनल हाईवे पर इन निराश्रित पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारण से युवक की मौत, पुलिस ने की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार हेतु लाये गए युवक की अज्ञात कारण से अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो गई जिसकी सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बिछिया के खैरबना टोला निवासी 35 वर्षीय प्रदीप केवट पिता सज्जन केवट 27 मई की सुबह गांव से कुछ दूर बरगवां गांव गए थे तभी अचानक बेहोश हो गए जिसकी जानकारी मिलने पर परिजनों एवं पड़ोसियो द्वारा निजी वाहन से उपचार हेतु जिला अस्पताल अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराया। इस बीच परीक्षण पर ड्यूटी डॉक्टर ने प्रदीप की अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो जाने की बात करते हुए जिला अस्पताल पुलिसचौकी को सूचना दी, सूचना के आधार पर अस्पताल पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों एवं पड़ोसियों की उपस्थिति में पंचनामा एवं शव परीक्षण की कार्यवाही करते हुए मृतक के शव के अंतिम संस्कार है परिजनो को सौंप कर प्रारंभ करवाई की। समाचार लिखे जाने पर प्रदीप की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

### मप्र शिक्षक संघ संभाग शहडोल का त्रिवार्षिक निर्वाचन 1 जून को होगा संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के संयोजक अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की इसी अनुक्रम में संभाग शहडोल का निर्वाचन 1 जून को अशासकीय भारत माता उच्च० माध्य० विद्यालय शहडोल (पांडव नगर ) शहडोल में सुबह 11 बजे से निर्वाचन अधिकारी जी. एम. अग्निहोत्री एवं पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार जैन की उपस्थिति में संपन्न होगा, संभागीय इकाई में अध्यक्ष -01, सचिव -01 कोषाध्यक्ष -01, उपाध्यक्ष -01, सहसचिव -01, कार्यकारणी सदस्य -04, मनोनीत सदस्य -02 होंगे, संभाग अंतर्गत तीनो जिलों के निर्वाचित पदाधिकारी 25 सदस्यो के मान से कुल 75 पदाधिकारी संभागीय इकाई के निर्वाचन हेतु मतदाता होंगे तथा संभाग शहडोल अंतर्गत तीनो जिलों क्रमशः शहडोल, अनूपपुर, उमरिया के वर्ष 2024 की सामान्य मतदाता सूची के सभी सदस्य उम्मीदवार हो सकेंगे। शिक्षक संघ से निष्कासित सदस्य निर्वाचन में भाग नहीं ले सकेंगे, जो व्यक्ति दो पदावधि तक लगातार जिस पद पर रह चुका है, उक्त व्यक्ति उसे पद हेतु पुनः उम्मीदवार नहीं हो सकेगा, एवं सेवा अवधि भी निर्वाचन तिथि से 3 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए अर्थात जिनकी सेवा निवृत्ति तिथि 30 जून 2028 अथवा उसके पश्चात है वही उम्मीदवार हो सकते हैं।

आम जनता को जून माह में होगा उपलब्ध

# पवित्र नगरी की सुंदरता में चार चांद लगायेगा झूला पुल

### प्रसाद योजना के तहत रामघाट में बना झूला पुल पर्यटकों को करेगा आकर्षित



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी रामघाट उत्तर तक से दक्षिण तट को जोड़ने वाला विकास एवं सौंदर्यीकरण के तहत केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से प्राप्त निधि से प्रसाद योजना के तहत मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा राम घाट में 10 करोड रुपए की लागत से निर्मित झूला पुल का कार्य पूर्ण हो गया है। उक्त पुल में विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है रात्रि काल में रंगीन विद्युत झालरों से आकर्षक एवं भव्य स्वरूप में दिखे इस हेतु रंगीन विद्युत झालरों से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि झूला पुल आकर्षक एवं भव्य स्वरूप में देखा जा सके झूला पुल के विद्युत झालरों के टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है उक्त प्रक्रिया 31 मई तक पूरी कर हो जाएगी। ऐसी संभावना है कि जून माह तक आम जनमानस को सुलभ हो जाएगा। इसके तहत स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक को उक्त झूला पुल पर्यटन विकास निगम द्वारा सुपुर्द कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम भोपाल के द्वारा शासन की महिती योजना के तहत प्रसाद योजना में सौंदर्यीकरण के लिए विकास कार्यों में झूला पुल का निर्माण इंदौर की एपिकॉन इंडस्ट्री द्वारा 10 करोड रुपए की लागत से किया गया है। उक्त पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है शीघ्र ही आम जनमानस को सुलभ करा दिए जाने की उम्मीद है। उक्त झूला पुल के निर्माण से अमरकंटक नगर का एक ऐतिहासिक चौमुखी विकास यह उपक्रम माना जा रहा है उक्त झूला पुल के निर्माण होने से अमरकंटक नगर का विकास में तथा सुंदरता में चार चांद लग जाएगा इससे पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका होगी मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के शहडोल संभागीय सहायक यंत्री एवं प्रभारी अमरकंटक सोमपाल सिंह ने बताया कि उक्त झूला पुल का निर्माण पूर्ण हो गया है इसे अति शीघ्र स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक को कार्य संचालन हेतु सौंपा जाएगा। उन्होंने संभावना जताई कि जून माह तक आम जनता के लिए खोल दिया जाए जिससे पर्यटक तीर्थ यात्री एवं जनता इसका आधिकाधिक लाभ ले सकेंगे झूला पुल से रामघाट के उत्तर तट से दक्षिण तक तथा दक्षिण से उत्तर तक आवागमन सुलभ होगा इस हेतु बहुत ही कम शुल्क स्थानीय प्रशासन निर्धारित कर लेगी झूला पुल के निर्मित होने से अमरकंटक के विकास एवं सौंदर्य में एक कड़ी के रूप में देखा एवं माना जा रहा है इससे अमरकंटक का पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा तथा पर्यटक यात्री अधिक संख्या में यहां आएंगे। इस तरह के विकास से पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि शहडोल जबलपुर एवं बिलासपुर संभाग में इस तरह का झूला पुल कहीं भी निर्मित नहीं है यह उक्त झूला पुल तकनीकी एवं आकर्षण में अपनी तरह का विशिष्टताओं का समायोजन है। रायपुर एवं जबलपुर से आए पर्यटक तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं ने बताया कि इस तरह का झूला पुल कहीं आसपास नहीं देखा है यह बहुत ही अच्छा एवं सुंदर है क्योंकि अभी प्रारंभ नहीं हुआ है इसलिए इसमें नहीं जा सके इसका अफसोस है हम फिर से आएंगे और पुल में जाकर इसका आनंद लेंगे। यह हमारी आत्मिक इच्छा एवं मंशा है। प्रशासन इसको अति शीघ्र प्रारंभ करेगा ऐसी हम उम्मीद करते हैं । इसी तरह सोनमुड़ा एवं कपिलधारा का ब्लू प्वाइंट भी बहुत ही अच्छा निर्मित किया गया है जो सराहनीय है।

# नशे के जाल को कोतमा पुलिस ने तोडा



### लंबे समय से बिक रहे गांजे के ठीहे पर पुलिस की दबिश, 1 किलो 40 ग्राम गांजा जप्त

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** क्षेत्र में गली-गली बिक रहे नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नवागत थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला द्वारा मादक पदार्थ गांजा पर कार्यवाही की गई है। सोमवार को रेलवे कॉलोनी बाज़ार रोड के पास लंबे समय से बिक रहे गांजे के ठिकाने पर पुलिस टीम ने दबिश देते हुए महिला आरोपी नीता विश्वकर्मा 52 वर्ष पति सूर्यप्रकाश वार्ड 3 एवं गांजा की सप्लाई करने वाले सोनू रजक निवासी पुरानी बस्ती को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 40 ग्राम गांजा कीमती 12 हजार रुपए को जप्त कर धारा 8/20 बी (2)बीएनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि रेलवे कॉलोनी रोड पर किराना दुकान की आड़ में महिला नीता के द्वारा लंबे समय से मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही थी जिसके बाद लगातार सूचना के बाद थाना प्रभारी के द्वारा टीम बनाकर घेराबंदी कर गांजा जप्त किया गया। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ कार्यवाही होते ही पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई जिसके बाद अन्य जगहों पर बिक रही पुड़िया की दुकाने भी बंद हो गई। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियो से अन्य नशे के ठिकानों के बारे मे पूछताछ की गई है। आने वाले दिनों में आगे भी कार्यवाही की संभावना है।

### घर घर पहुंच रहा गांजा

बताया जाता है कि पूरे क्षेत्र में छोटे-छोटे दुकानों पर मादक पदार्थ गांजा पहुंचने का काम आरोपी सोनू रजक निवासी बस्ती के द्वारा किया जाता है। कोतमा नगर एवं आस पास के गांवों में बिक रहे मादक पदार्थ को आरोपी सोनू के द्वारा आसानी से उपलब्ध कराया जाता रहा है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। नगर के बाजार क्षेत्र दफाई टोला, दमकी टोला, बुरहानपुर, चंगेरी निगवानी, खोडरी में गांजे के अवैध मादक पदार्थ की बिक्री जोरों से होती है। नशे के जाल में उलझी युवा पीढ़ी खोखली हो रही है।

# लोकमाता अहिल्याबाई जन्म शताब्दी वर्ष के तहत संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में लोकमाता अहिल्याबाई जन्म शताब्दी वर्ष के तहत अनूपपुर जिले के समस्त मंडलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संगठन के दिशा निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। कार्यक्रम के जिला संयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह ने बताया कि 31 मई तक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती का कार्यक्रम जिले के समस्त मंडलों में संगोष्ठी के माध्यम से आयोजित किया जाना है जिसको लेकर पुष्पराजगढ़, कोतमा एवं अनूपपुर विधानसभा के अधिकांश मंडलों में संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, लेखक, पत्रकार, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी अपने विचारों के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला । जिले के 10 मंडलों में अभी तक संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है शेष बचे मंडलों में संगोष्ठी आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। इस कार्यक्रम के जिला संयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए सामाजिक, धार्मिक, राजनयिक, और आध्यात्मिक योगदान को याद किया। श्री सिंह ने बताया की अभी तक जिले के विभिन्न मंडलों में संपन्न हुई संगोष्ठी में भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोगों ने अपनी अहम भूमिका अदा की है।

### जिला मुख्यालय मे होगा भाजपा कार्यालय का निर्माण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन 26 मई को जिले के प्रवास पर पहुंचे और उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के साथ अनूपपुर रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के लिए भूमि की रजिस्ट्री कराकर कार्यालय निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त किया। भाजपा कार्यालय का निर्माण अनूपपुर जिला मुख्यालय चचाई मार्ग स्थित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने कहा कि कार्यक्रम, कार्यकर्ता और कार्यालय भाजपा की पहचान है। निरंतर सेवा कार्य और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी सतत जनता जनार्दन के संपर्क में रहती है। भाजपा 31 मई तक लोकमता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। लोकमता अहिल्याबाई ने देश साँस्कृतिक और धार्मिक विरासतों के जीर्णोद्धार का कार्य किया है और उनके बताये मार्ग पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार कार्य कर रहीं है। श्री जैन ने कहा कि पार्टी का कार्यालय जहां भोपाल में भव्य और दिव्य बन रहा है तो वहीं अब अनूपपुर जिले में भी पार्टी का कार्यालय भव्य रूप से बनाया जाएगा।

### विकास चंदेल ने हासिल की डॉक्टरेट की उपाधि



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** जिले में विगत कई वर्षों से सेवा के कार्य में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले समाजसेवी विकास सिंह चंदेल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के सामाजिक कार्य विभाग से पीएचडी के शोध कार्य को पूर्ण किया। उनके शोध का विषय बैगा जनजाति के शिक्षा में आने वाली मुद्दों और चुनौतियां : डिंडोरी जिले के बैगाचक क्षेत्र का एक अध्ययन रहा है। उनके शोध निर्देशक डॉ रमेश बी तथा सह- निदेशक डॉ कृष्णमणि भगवती रही हैं। विकास चंदेल ने अपने शोध कार्य का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण देकर यह डिग्री हासिल किया। विकास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता नेम सिंह चंदेल माता उर्मिला सिंह चंदेल, बहन प्रतिमा, पवित्रा तथा अपने पारिवारिक रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा अपने शिक्षकों को दिया। इन्होंने अपने शोध प्रबंध को समाजसेवी स्व. डॉ प्रबीर सरकार तथा अपने माता पिता व बैगा समुदाय के प्रत्येक लोगों को समर्पित किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल तथा अमरकंटक विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से बीएससी बीएड, स्नातोकतर एमएसडब्ल्यू में गोल्ड मेडल प्राप्त किया समाज कार्य में नेट की परीक्षा पास करके शोध कार्य में सफलता हासिल कर ग्राम और जिले को गौरवान्वित किया। शोध कार्य के दौरान इन्होंने सामाजिक कार्य में विशेष रुचि लेते हुए स्वयं के द्वारा स्थापित प्रणाम नर्मदा युवा संघ के माध्यम से संगठन के सहयोग से कोरोना काल में ऑपरेशन मदद द्वारा भोजन एवं दवाइयां उपलब्ध कराना, माहवारी स्वच्छता हेतु अनूपपुर जिले में निरोगी नारी अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता जागरूकता, रक्त दान, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, गरीब विद्यार्थियों के रहने की निःशुल्क व्यवस्था हेतु विवेकानंद विद्यार्थी भवन, मां नर्मदा की साफ सफाई के लिए विशेष योगदान दिया जा रहा है। इनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इनके विशेष उपलब्धि पर परिवार वाले, इष्टमित्र, शिक्षक, रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए अंकित शुक्ला



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई द्वारा आयोजित पत्रकारिता का बदलता स्वरूप और चुनौतियां पर एक दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगरीय एवं ग्रामीण पत्रकारों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, प्रदेश संगठन मंत्री एवं स्तंभकार राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार ऋतुपर्ण दवे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज अनूपपुर के संचालक अंकित शुक्ला को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए साल से सम्मानित कर उन्हे पुष्प गुच्छ देकर परिषद में उनका स्वागत किया। इस दौरान समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा पत्रकार हित में सराहनीय कार्य किया जा रहा है, जिसे देखते हुए अंकित शुक्ला ने कहा कि जिले के समस्त् पत्रकार जिन्होने अब तक जर्नलिज्म का कोर्स नही किया है, उन पत्रकारों को जर्नलिज्म के पीजी डिप्लोमा (1 वर्ष) के लिए करना हो उसके लिए विश्वविद्यालय जो भी फीस एमपी ऑनलाईन से लेती है सिर्फ उस फीस पर कोर्स को कराने के लिए हमारा महाविद्यालय बचनबद्ध है एवं अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क पत्रकारों से नही लेगा। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के इस कार्यक्रम में पत्रकारों के मान सम्मान एवं उनकी रक्षा लिए प्रतिबद्धता व एकजुटता की नई मिशाल देखने को मिली है।

# न्यायालय के आदेश पर भारी स्वास्थ्य विभाग की मनमानी



### आदेश के बावजूद स्वास्थ्य केंद्र को नही मिले डॉक्टर

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की अव्यवस्था एवं डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के द्वारा जबलपुर हाइकोर्ट में जनहित लगाई गई थी। जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा अहम निर्णय देते हुए कोतमा सीएचसी में 3 विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती एक सप्ताह में करने के आदेश स्वास्थ्य सचिव भोपाल को दिया गया था। साथ में 15 दिन के अंदर आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण लगाए जाने एवं बाकी डॉक्टरों की भी भर्ती 4 सप्ताह में किए जाने के आदेश दिया गया था। एक सप्ताह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार डॉक्टरो की पोस्टिंग ना होने से याचिकाकर्ता एवं नगरवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा आदिवासी अंचल क्षेत्र की घोर उपेक्षा की जा रही है। दुर्दशा इतनी है कि स्वास्थ्य सुविधा जैसी जीवन रक्षक सुविधा के लिए अनशन एवं न्यायालय जाना पड़ता है। नगर के जागरूक लोगों का कहना है कि जिले के सबसे प्रमुख नगर कोतमा स्वास्थ्य केंद्र में किसी विशेषज्ञ डॉक्टर का ना होना बेहद शर्मनाक ही कहा जाएगा। याचिकाकर्ता देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी किसी डॉक्टर की भर्ती ना होना। प्रशासनिक तानाशाही को दर्शाता है साथ ही न्यायालय की स्पष्ट अवमानना है। सभी आदेशों की समय सीमा पूर्ण होने के बाद पुनः नगरवासियों की सुविधा एवं अधिकार के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। सर्वविदित है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर ना होना, बदइंतजामी एवं नियमित डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर नगरवासियों द्वारा भूख हड़ताल करते हुए आंदोलन कर रहे थे जिसे प्रशासन के द्वारा जबरन अनशनकारी देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल को स्वास्थ्य संबंधित समस्या होना कहकर अनशन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय ले जाया गया था। आमरण अनशन के बाद भी कोई सुधार ना होने पर देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के द्वारा अधिवक्ता राजेश शर्मा से मिलकर उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता अभिषेक पांडे के माध्यम से याचिका दायर की गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के द्वारा कई महत्वपूर्ण आदेश मध्य प्रदेश राज्य, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग को दिया गया जिसमें एक सप्ताह के भीतर कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक, एक सर्जन और एक स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति करने और शेष रिक्तियों को भी शीघ्रता से चार सप्ताह के अंदर भरे जाने की आदेश जारी किया गया था।

### इनका कहना है

उच्च न्यायालय द्वारा स्वास्थ्य सचिव को आदेशित किया गया है। भर्ती भोपाल कार्यालय से होनी है।

**आर के वर्मा**
**प्रभारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी**




**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**
E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र. 50/224/न.परि./ई. टेन्ड/लोक.नि./2025 — **ई- निविदा आमंत्रण सूचना** — जैतहरी, दिनांक 27/05/2025

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाईन टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_426494_1 | वार्ड क्रमांक 8 में नाली निर्माण कार्य | 879038/- | 8790/- | 2000/- | 01 माह |
| 2 | 2025_UAD_426865_1 | वार्ड क्रमांक 03 में फिस पार्लर का निर्माण कार्य | 424,382/- | 4243/- | 2000/- | 01 माह |

1. सरल क्रमांक 01 के निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 26/05/2025 समय शाम 18 :00 बजे से 11/06/2024 समय शाम 17 :30 तक क्रय की जा सकती है। तथा सरल क्रमांक 2 के निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने का दिनांक 27/05/2025 समय शाम 15 :00 बजे से 13/06/2024 समय शाम 17 :30 तक क्रय की जा सकती है।2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है । 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संषोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संषोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**